# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/3087
दिनांकः 28.10.2020

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषय :-** **विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करायी गयी समस्त परीक्षाओं में वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये की गयी विशेष व्यवस्थाओं के भुगतान हेतु दिशा–निर्देशों के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षाओं को वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये आयोजित कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय के पत्रांक परीक्षा/2034, दिनांक 31.08.2020 द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किये गये थे।

उक्त के संदर्भ में परीक्षा केन्द्र पर वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये किये गये व्यय/भुगतान के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निम्न प्रकार हैं :–

1. चार परीक्षा कक्ष (प्रति कक्ष 20–25 परीक्षार्थी पर एक कक्ष निरीक्षक) अथवा प्रति सौ परीक्षार्थियों पर एक विशेष कक्ष निरीक्षक की अतिरिक्त तैनाती का भुगतान पूर्व नियमों के अनुसार लेखा विभाग द्वारा किया जायेगा।
2. उपरोक्त सन्दर्भित पत्रांक के बिन्दु संख्या–2 के अनुसार परीक्षा केन्द्र के सैनिटाईजेशन हेतु रूपये 10/– (दस मात्र) का अनुदान परीक्षा केन्द्रों पर आवंटित प्रति परीक्षार्थी के अनुसार दिया जायेगा। परन्तु सैनिटाईजेशन हेतु सन्दर्भित भुगतान की न्यूनतम सीमा रुपये 3000/– (तीन हजार मात्र) तक तथा अधिकतम सीमा रूपये 10,000/– (दस हजार मात्र) तक निर्धारित की गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि वास्तविक बिल व्यय उपरोक्तानुसार प्रस्तुत किये जाने पर ही भुगतान/प्रतिपूर्ति/समायोजन किया जाना सम्भव होगा।

भवदीय,

28/10/2020

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. सचिव, कुलपति को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को मा० प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी, को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
6. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. सहा० कुलसचिव/कार्या० अधीक्षक (लेखा), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रभारी (कमेटी सैल/बी०एड० सैल), चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

28/10/2020

परीक्षा नियंत्रक